दिन— गुरुवार | दिनांक— 23 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। | अवधि— 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो ऐप के जरिए **मेरा बूथ सबसे मजबूत** अभियान के तहत आज पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

02 महागठबंधन ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया।

03. भाजपा ने कहा— महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी प्रसाद यादव लैंड फॉर जॉब भ्रष्टाचार मामले में हैं आरोपी।

04. और, विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की समय सीमा समाप्त। प्राणपुर और वारिसलीगंज से कांग्रेस उम्मीदवार और बाबूबरही से वीआईपी उम्मीदवार ने वापस लिया पर्चा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नमो ऐप के जरिए **मेरा बूथ सबसे मजबूत** अभियान के तहत पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। श्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे दो हजार पांच से पहले की शासन व्यवस्था के गवाह रहे लोगों का नई पीढ़ी के साथ संवाद आयोजित करवाएं, जिससे उन्हें भी बिहार की तत्कालीन स्थिति का पता चल सके।

———बाइट————

संवाद में भाग लेते हुये एक युवा महिला कार्यकर्ता ने कहा कि एनडीए सरकार में जीवन के हर क्षेत्र में विकास के काम हुये हैं और इसी कारण लोग भाजपा और एनडीए को पसंद करते हैं।

———बाइट———

---

महागठबंधन ने राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस के चुनाव पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज पटना में आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। इस अवसर पर महागठबंधन के सभी सातों घटक दल के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। श्री गहलोत ने कहा कि अगर महागठबंधन की

सरकार बनाती है तो विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। साथ ही एक अन्य उपमुख्यमंत्री बनाये जायेंगे।

———बाइट———

श्री गहलोत ने कहा कि महागठबंधन ने अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया है, जबकि एनडीए में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस अवसर पर तेजस्वी प्रसाद यादव ने गठबंधन नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे महागठबंधन के सहयोगियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

———बाईट———

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने के लिए महागठबंधन के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और आशा जतायी की राज्य में अगली सरकार महागठबंधन के ही बनेगी।

———बाइट———

भाकपा—माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है और इस बार बिहार के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है।

———बाइट———

---

भारतीय जनता पार्टी ने महागठबंधन की आलोचना करते हुये इसे बेहद कमजोर गठबंधन बताया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन ने जिस तेजस्वी प्रसाद यादव को अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है, उन पर लैंड फॉर जॉब भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय हो चुके हैं।

———बाइट———

भाजपा नेता ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण ही नीतीश कुमार महागठबंधन से अलग हुये थे। भाजपा नेता ने दावा किया कि बिहार के लोग इस बार महागठबंधन के झांसे में नहीं आने वाले हैं और उन्होंने पूरी तरह एनडीए को जीताने का मन बना लिया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि एक बार फिर स्पष्ट हो गया कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद सिर्फ अपने बेटे को ही मुख्यमंत्री के पद पर देखना चाहते थे।

---बाइट---

---

जदयू ने महागठबंधन द्वारा एनडीए में मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने के सवाल पर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जा रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व पर पार्टी ही नहीं एनडीए के सभी घटक दलों को पूरा विश्वास है।

---बाइट-----

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन वापसी की समय सीमा आज समाप्त हो गयी। इस चरण के लिए दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि कटिहार के प्राणपुर और नवादा के वारिसलीगंज से कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपने पर्चे वापस ले लिय। वहीं, मधुबनी के बाबूबरही से वीआईपी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इधर, सीतामढ़ी निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज के मोहम्द जियाउद्दीन खान ने अपना नामांकन पर्चा वापस ले लिया है। दूसरे चरण के तहत ग्यारह नवंबर को बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है।

---

विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज़ हो गया है। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज औरंगाबाद के गोह और वैशाली के पातेपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि बिहार जंगलराज से मुक्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकास बनाम विनाश है। भाजपा विकास का वाहक है जबकि महागठबंधन विनाश का प्रतीक।

---बाइट---

इधर, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सारण जिले के मकेर में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र के सहयोग से बिहार लगातार प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है।

---बाइट---

इधर, महागठबंधन के विभिन्न घटक दल राजद, कांग्रेस, वीआईपी और वामपंथी दलों ने भी अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। समस्तीपुर में श्री मोदी भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली कर्पूरी ग्राम में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि प्रधानमंत्री कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

———बाइट———

समस्तीपुर में जनसभा को संबोधित करने का बाद श्री मोदी का बेगूसराय के उलाव हवाई अड्डा मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल सीवान और बक्सर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

---

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पहले चरण के विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी.राजा और राष्ट्रीय सचिव अमरजीत कौर, डॉक्टर गिरिश चन्द्र शर्मा और बी.के. कांगो समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता के लिए चिरैया को राज्य का आधिकारिक शुभंकर घोषित किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से इस शुभंकर का चयन हुआ है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने आज पटना में शुभंकर का अनावरण किया।

---

भारतीय रेल छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा को लेकर जहां एक ओर बारह हजार से अधिक विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है वहीं, यात्री सुविधाओं का भी

विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्पेशल ट्रेन से यात्रा करने वाले कुछ यात्रियों ने अपने अनुभव साझा किये।

———वॉक्सपॉप———

---

भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाले भाई दूज को यम द्वितीया भी कहते हैं। यह पर्व भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है और बहनें अपने भाई की खुशहाली की कामना करती हैं। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पूरे विधि—विधान के साथ चित्रगुप्त पूजा की गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो ऐप के जरिए **मेरा बूथ सबसे मजबूत** अभियान के तहत आज पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

02 महागठबंधन ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया।

03. भाजपा ने कहा— महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी प्रसाद यादव लैंड फॉर जॉब भ्रष्टाचार मामले में हैं आरोपी।

04. और, विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की समय सीमा समाप्त। प्राणपुर और वारिसलीगंज से कांग्रेस उम्मीदवार और बाबूबरही से वीआईपी उम्मीदवार ने वापस लिया पर्चा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।